दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 327 मुरादाबाद 30 March 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 10 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मायावती ने मुलायम सिंह और अखिलेश यादव पर बोला हमला, भाजपा के साथ मिलकर काम करने का लगाया आरोप



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद बसपा सुप्रीमों मायावती ने एक बार फिर भाजपा और समाजवादी पार्टी पर ट्वीट कर गंभीर आरोप लगाए हैं। इससे पहले भी मायावती ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और सपा संरक्षक मुलायम सिंह पर भाजपा के साथ मिल कर काम करने का आरोप लगाया था।मायावती ने आज ट्वीट करते हुए कहा कि 'यूपी में सपा व भाजपा की अन्दरूनी मिलीभगत जग-जाहिर रही है कि इन्होंने विधान सभा आमचुनाव को भी हिन्दू-मुस्लिम कराकर यहां भय व आतंक का माहौल बनाया, जिससे खासकर मुस्लिम समाज गुमराह हुआ व सपा को एकतरफा वोट देने की भारी भूल की, जिसको सुधार कर ही भाजपा को यहां हराना संभव।' बता दें कि विधानसभा चुनाव 2022 में बहुजन समाज पार्टी की कड़ी हार के बाद पार्टी की मुखिया मायावती ने रविवार को समीक्षा बैठक की थी। जिसमें उन्होंने कई कड़े कदम उठाये थे। मायावती ने बसपा उत्तर प्रदेश की पूरी कार्यकारिणी को भंग करने के साथ ही अपने भतीजे आकाश आनन्द को बसपा का राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर बनाया था। बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आंनद बड़ी जिम्मेदारी दी थी। उन्होंने तीन चीफ कोआर्डिनेटर को नियुक्त किया था। मेरठ के मुनकाद अली, बुलंदशहर के राजकुमार गौतम तथा आजमगढ़ के विजय कुमार को प्रदेश के सभी कोआर्डिनेटर रिपोर्ट करेंगे। यह भी तय हुआ था कि तीनों सभी कोआर्डिनेटर पर निगाह रखेंगे। इससे पहले 22 मार्च को मायावती ने ट्वीट कर कहा था कि यू.पी. में अम्बेडकरवादी लोग कभी भी सपा मुखिया अखिलेश यादव को माफ नहीं करेंगे। जिसने अपनी सरकार में इनके नाम से बनी योजनाओं व संस्थानों आदि के नाम अधिकांश बदल दिये है। जो अति निन्दनीय व शर्मनाक भी है। बीजेपी से, बी.एस.पी. नहीं बल्कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह खुलकर मिले है। जिन्होंने बीजेपी के पिछले हुये शपथ में, अखिलेश को बीजेपी से आर्शीवाद भी दिलाया और अब अपने काम के लिए एक सदस्य को बीजेपी में भेज दिया है। यह जग-जाहिर है।

## आजम खान की शपथ पर लगा ग्रहण, विधानसभा जाने की अनुमति नहीं



समाजवादी पार्टी ( सपा ) नेता आजम खान को आज विधानसभा में जाकर शपथ नहीं ले पाएंगे। कोर्ट ने जेल प्रशासन की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें शपथ ग्रहण के लिए आजम खान को विधानसभा ले जाने की अनुमति मांगी गई थी। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि आजम खान ने खुद की इच्छा जाहिर की थी कि वह आज नहीं जाना चाहते हैं। यूपी विधानसभा में जीतकर आए प्रदेश के सभी विधायकों को शपथ दिलाई जा रही है। सोमवार को सबसे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधायक के रूप में शपथ ली तो उनके बाद नेता विपक्ष अखिलेश यादव ने भी शपथ ग्रहण किया। पहले दिन 343 विधायकों के शपथ के बाद यह सिलसिला आज भी जारी है। हालांकि, नाहिद हसन, आजम खान जैसे कुछ विधायक जेल में बंद हैं। इनका शपथ ग्रहण अभी नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि आजम खान इससे पहले रामपुर से लोकसभा सांसद थे। उन्होंने हाल ही में लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया है। आजम खान इस समय सीतापुर जेल में बंद हैं।

## भाजपा अकेली पार्टी जिसने हर प्रधानमंत्री के योगदान का किया सम्मान: पीएम नरेंद्र मोदी



संसदीय दल की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि केवल भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसने अब तक के हर प्रधानमंत्री को सम्मान दिया है और उनके कामों में तवज्जो दी है। अंबेडकर ऑडिटोरियम में सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तीन मूर्ति में बनने वाला म्यूजियम भाजपा के संकल्प का प्रतीक है। यहां दलगत राजनीति को छोड़कर हर प्रधानमंत्री को सम्मान दिया जाएगा और लोग उनके बारे में जान सकेंगे। इस बैठक में गरीब कल्याण अन्न योजना को 6 महीने के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। बता दें कि शनिवार को हुई बैठक में इस योजना को बढ़ाने का फैसला कैबिनेट द्वारा लिया गया था। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीबों को हर महीने मुफ्त में राशन उपलब्ध करवाया जाता है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की धमाकेदार जीत के पीछे इस योजना की भी अहम भूमिका बताई जा रही है। प्रधानमंत्र मोदी ने सांसदों से कहा के कि 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक होने वाले कार्यक्रमों में वे शामिल हों। 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाता है। 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती है। इस बीच भाजपा ने देशभर में कई कार्यक्रमों की रूपरेखा खीची है। इन कार्यक्रमों में पार्टी के बड़े नेता भी पहुंचेंगे।

### 14 दिन पहले भी हुई थी बैठक

विधानसभा चुनाव के बाद 15 मार्च को भी भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई थी। इस बैठक में विधानसभा चुनावों की समीक्षा की गई थी। पार्टी ने संगठन मजबूत करने और आगामी चुनावों के लिए रणनीति तैयार करने पर चर्चा की थी।

## मुजफ्फरनगर: BK कार्यकर्ताओं का होटल, थाने और अस्पताल में बवाल, समर्थन में उतरे राकेश टिकैत का धरना



होटल में शराब पीकर बवाल करने वाले भारतीय किसान यूनियन ( बीकेयू ) कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद किसान संगठन के समर्थकों ने अस्पताल और कोतवाली पर हंगामा कर दिया है तो खुद राकेश टिकैत धरने पर बैठ गए हैं। मुजफ्फरनगर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में प्रकाश चौक पर स्थित होटल में भाकियू कार्यकर्ताओं ने होटल मालिक के बेटों पर जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा तो वह भी भाकियू कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने 10 भाकियू कार्यकर्ताओं गिरफ्तार कर लिया है। देर रात प्रकाश चौक होटल में 3 भाकियू कार्यकर्ता खाना खाने के लिए गए थे। आरोप है कि कार्यकर्ताओं ने खाना खराब बताते हुए होटल मालिक के बेटे रोनित और अभिषेक चौधरी के साथ गाली गलौज कर दी। विरोध करने पर उन पर पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों व तीनों कार्यकर्ताओं को लेकर जिला अस्पताल मेडिकल के लिए पहुंच गई। नशे की हालत में कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया, जिसके बाद उन्होंने अपना मेडिकल कराने से इनकार कर दिया। भाकियू कार्यकर्ताओं के अधिक संख्या में पहुंचने के बाद उन्होंने जिला अस्पताल की इमरजेंसी में होटल मालिक के बेटों के साथ फिर मारपीट का प्रयास किया और अस्पताल का सामान उठाकर फेंकने लगे। इस पर इमरजेंसी में भगदड़ मच गई बहुत सारा सामान खुर्द बुद्ध हो गया। बीच बचाव करने आए डॉक्टरों वह अस्पताल कर्मियों से भी गाली गलौच कर दी। उसके बाद शहर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने भाकियू कार्यकर्ताओं को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाली पुलिस ने 7 भाकियू कार्यकर्ता अमरजीत, रविंदर, प्रदीप पाल, अनुज, गौतम, सौरभ, सुमित व थाना सिविल लाइन पुलिस ने संदीप, प्रदीप व जॉनी को गिरफ्तार कर लिया है। 10 भाकियू कार्यकर्ताओं गिरफ्तारी होने से नाराज भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत शहर कोतवाली में धरने पर बैठ गए। उनके साथ कार्यकर्ता भी मौजूद है। पुलिस भाकियू कार्यकर्ताओं को जेल भेज रही है।

# छत के कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - थाना क्षेत्र मल्हीपुर पुलिस चौकी जमुनहा अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमुनहा भवनिया पुर निवासी कस्बा जमुनहा बाजार आज से सात महीना पूर्व में रियाजुददीन आयु 27 वर्ष पिता हसमुद्दीन के स्वर्ग वास हो जाने के बाद अपने चारों भाइयों के रजा मंदी से पिता की सम्पत्ति को बेचकर ग्राम पंचायत फतेहपुर बनगई मजरा बांसगढ़ी राजा प्लाट पर एक किराये की मकान में अपनी माता और एक छोटी बहन शाहजहां बानो व छोटे भाई सोनू के संग रहते थे तथा आपसी कलह के कारण छत के कुंढ़े से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली परंतु मृत रियाजुददीन की छोटी बहन शाहजहां ने बताया कि आज सुबह हम लोगों से पैसे मांग रहे थे और हम लोगों ने जब पैसे नहीं दिए तो घर में उपद्रव करने पर उतारू हो गए थे और झगड़ा कर रहे थे तथा जिसकी तहरीर पुलिस चौकी जमुनहा में दी गई थी और पुलिस वालों ने समझा बुझाकर शांत कर घर वालों से कहा था कि सभी लोग शांति से रहें और उसे खाना दे देना और सो जाएगा तो उसे सोने देना तथा जब शाम को घर आए तो फिर उपद्रव करने लगे और हम सब झगड़ा शान्त करने के लिए बाहर निकल आए तो थोड़ी देर बाद इन्होंने घर में फांसी लगाकर जान दे दी तथा हम लोगों ने पुलिस चौकी जमुनहा उपनिक्षक को सूचना दी तथा मौके पर पुलिस टीम पहुंची और शव को नीचे उतार कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर ने बताया कि पी एम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी

# जिलाधिकारी ने चल रही बोर्ड परीक्षाओं का लिया जायजा परीक्षा केन्द्रों पर यदि नकल कराने की शिकायत मिली तो परीक्षा केन्द्र होंगे ब्लैक लिस्टेड-जिलाधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती - हाईस्कूल एंव इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा नकल विहीन कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसी के तहत जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकासखण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा एवं जनता इण्टर कालेज पटना खरगोरा का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने परीक्षा के दौरान स्थापित किये गये सी0सी0टी0वी0/वॉइस रिकार्डिंग के संचालन का भी बारीकी से निरीक्षण किया। और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों एवं केन्द्र व्यवस्थापको को निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान सी0सी0टी0वी0/वॉइस रिकार्डिंग का निरन्तर संचालन रखा जाए। यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर निरन्तर संचालन न पाया गया तो सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित होगी। जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेने के दौरान यह कहा कि जिले में प्रत्येक दशा में नकल विहीन परीक्षा करायी जायेगी, यदि इसमें किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी तथा जिन परीक्षा केन्द्रों पर नकल कराते पाया गया तो सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रो को ब्लैक लिस्टेट किया जायेगा। उन्होने परीक्षा को शान्तिपूर्ण, पारदर्शी, सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए लगाये गये जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया है कि परीक्षा के दौरान वे अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमण करते रहें तथा नकल विहीन परीक्षा प्रत्येक दशा में सम्पन्न करायें और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों का दायित्व बनता है कि वे जिला प्रशासन के अंग है इसलिए हरहाल में नकल विहीन परीक्षा करायें और परीक्षा के दौरान यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल अपने सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों को अवगत करायें। उन्होंने सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट/केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया है कि परीक्षा केन्द्रों के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रो के आस पास स्थित कम्प्यूटर, फोटो कापी की दुकानें भी बन्द रहेंगी, इसका पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फर्जी सहायक अध्यापक गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती केशव चंद गोस्वामी क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक रमेश थाना कोतवाली भिनगा मय टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 189/2020 धारा 419,420,467,468,471 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त राजकुमार वर्मा पुत्र भदेश्वर वर्मा निवासी बरगदवा थाना सोनहा जनपद बस्ती को मुखबिर की सूचना पर भिनगी तिराहे के आगे सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा कूट रचित व फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर सहायक अध्यापक की नौकरी प्राप्त की गई थी तथा लगातार फरार/लुक छुप कर रह रहा था।

# आयकर और डाक विभाग के कर्मचारियों ने भी दो दिवसीय हड़ताल के पहले दिन भागीदारी करते हुए अपनी मांगों को उठाया

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद -आयकर और डाक विभाग के कर्मचारियों ने भी दो दिवसीय हड़ताल के पहले दिन भागीदारी करते हुए अपनी मांगों को उठाया। आयकर कर्मचारियों ने न्यू पेंशन स्कीम बंद करने, पुरानी पेंशन चालू करने की मांग उठाई। छीने गए 18 माह का डीए और खाली पदों को तत्काल भरने की भी आवाज उठाई। आयकर कर्मचारी संघ्ज इकाई के अध्यक्ष अजय कुमार कश्यप, सचिव कैलाश शंकर कनौजिया ने कहा कि वर्किंग प्रेसीडेंट सीओसी दिल्ली के आह्वान पर यह हड़ताल की गयी। यदि मांगो को नहीं माना जाता है तो समय समय पर धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। हड़ताल में हरिओम त्रिवेदी, संदीप कुमार, जितेंद्र कुमार सिन्हा, त्रिमोहन सिंह, आदितेंद्र प्रकाश मिश्र, गणेश चंद, जीवन सिंह, मंजीत पटेल शुभम कुमार, संतोष कुमार, अमरनाथ अवस्थी आदि कर्मचारी सम्मिलित रहे। वहं डाक विभाग के कर्मचारियों ने भी हड़ताल में भागीदारी की। डाक अधीक्षक कार्यालय में बैठक कर सरकार विरोधी नीतियों की आलोचना हुई। दैनिक वेतन भागी, अनुबंधित श्रमिकों को नियमित किए जाने की मांग उठाई गई। र
ाजेश बाजपेयी, शिववीर सिंह, विनीत मिश्र, शैलंद्र, आनंद भदौरिया, अमित कुशवाहा, आलोक, विकास, सुजीत, अशोक आदि मौजूद रहे

# योगेन्द्र गंगवार बने उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष

एन.राज शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-भाजपा के अनुशांगिक संगठन -भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ का लखनऊ में कार्यकर्त्ता सम्मलेन,भाजपा को मिली प्रचण्ड बहुमत के उपलक्ष्य में एक सम्मलेन का आयोजन लखनऊ में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राष्ट्रीय महासचिव श्रीमान सर्वेश पाठक जी का आगमन हुआ सम्मलेन का नेतृत्व माननीय प्रदेश संरक्षक श्री प्रमोद सिंह परिहार जी,प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अंकुर सिंह जी,प्रदेश महामंत्री श्री मनीष मिश्र जी प्रदेश मंत्री श्री रंजीत कुमार वर्मा जी एवं प्रदेश मंत्री श्री प्रदीप कुमार सिंह जी नें किया। जिसमें संगठन के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान त्रिभुवन धुरिया जी के मार्गदर्शन में माननीय राष्ट्रीय महासचिव-श्रीमान सर्वेश पाठक जी द्वारा नाथ नगरी बरेली के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री योगेन्द्र गंगवार जी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। श्री योगेन्द्र गंगवार ने अपने सम्बोधन में कहा,कि वे सदैव श्रमिकों, कामगारों, कर्मचारियों के हित के लिए हर संभव कार्य करेंगे,वे अपने कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रदेश में ग्राउंड लेविल तक संगठन को बहुत मजबूत करेंगे।

# मारपीट और लूट में दो पक्षों ने दर्ज कराए मुकदमे

मुरादाबाद-बिलारी के इब्राहिमपुर टोल प्लाजा के पास दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद दोनों ओर से लूट, मारपीट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। दोनों ओर से दर्ज मुकदमे के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। बिलारी के गांव इब्राहिमपुर निवासी वासिद रजा ने मुकदमा दर्ज करा है कि वह टोल प्लाजा के पास अपनी चाय की कैंटीन चलाता है। शाम 7 बजे दो युवक उसकी कैंटीन पर आए और 400 का सामान खरीदा। जब पैसे मांगे तो गालियां देने लगे। कैंटीन के अंदर घुसकर मारपीट की। बाबू कबाड़ी, नसीम उर्फ नन्हे निवासी इब्राहिमपुर ने तमंचा तानकर गल्ले में रखे तीस हजार रूपये लूट लिए। शोर मचाने पर आसपास के परिचित लोग आ गए बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए तहरीर पर पुलिस ने लूट, मारपीट गाली-गलौज सहित गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया।वहीं दूसरे पक्ष के अकरौली गांव निवासी मोहम्मद आमिर ने वाजिद खालिद व वासिद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया कि 26 मार्च को शाम 8 बजे वह भूसा बेचकर ट्रैक्टर ट्राली लेकर आ रहा था। टोल प्लाजा पर उनके साथ मारपीट की गई और उनके पास रखे सत्ताइस हजार रुपये छीन लिए। जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में वाजिद, खालिद व वासिद निवासी इब्राहिमपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने दोनों ओर से मामले में जांच शुरू कर दी।

# देर से स्कूल पहुंचने पर शिक्षिका को मारे थप्पड़, मैडम ने हेड मास्टर को जूते मारकर लिया बदला



मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर के स्वार क्षेत्र के पसियापुरा गांव में प्रधानाध्यापक व शिक्षिका के बीच बड़ा विवाद हो गया। देर से स्कूल पहुंचने पर हेड मास्टर ने शिक्षिका को दो थप्पड़ जड़ दिए। इस पर शिक्षिका ने हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामे के बाद हुई पंचायत में शिक्षिका द्वारा हेड मास्टर को दो जूते मारने के बाद मामला शांत हो गया। पसियापुरा के स्कूल में इन दिनों परीक्षा चल रही हैं। प्रधानाध्यापक सुबह स्कूल पहुंचे तो सहायक अध्यापिका विलंब से पहुंची। इस पर हेड मास्टर भड़क गए। देर से आने के लिए टोकने पर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। इसी बीच हेड मास्टर आपा खो बैठे। शिक्षिका को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद शिक्षिका आग बबूला हो गई और हंगामा खड़ा कर दिया। इसकी भनक किसी तरह पुलिस को लगी। पुलिस मौके पहुंच गई। जानकारी मिलने पर आसपास के स्कूलों के शिक्षक भी पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को पंचायत होने की बात कहकर लौटा दिया। बाद में हुई पंचायत में शिक्षिका के पैर छूकर माफी मांगने और थप्पड़ का बदला जूता मारकर लेने पर समझौता हो गया। पंचायत में शिक्षक, ग्राम प्रधान एवं दर्जनों ग्रामीणों ने भी हिस्सा लिया। समझौते में तय हुआ कि हेड मास्टर भरी पंचायत में शिक्षिका के पैर पकड़कर माफी मांगेंगे। पंचायत के फरमान को पूरा करते हुए हेड मास्टर ने शिक्षिका के पैर पकड़कर माफी मांगी। इस दौरान शिक्षिका ने भी खुद को पड़े थप्पड़ का जवाब जूता मार कर दिया। हंगामे के चलते गांव में करीब दो घंटे तक स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना सिंह का कहना है कि यह मामला उनके संज्ञान में रात में आया था। इसकी जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी। पसियापुरा गांव के प्रधान ताहिर अली ने बताया कि पसियापुरा के स्कूल में सोमवार को हुई घटना काफी निंदनीय थी। हेड मास्टर को भी शिक्षिका के साथ हाथापाई नहीं करनी चाहिए थी। ऐसी घटनाओं से छात्रों पर गलत असर पड़ता है। फिलहाल अब हेड मास्टर एवं शिक्षिका के बीच समझौता करा दिया गया है।

# बैंक हड़ताल से सात अरब का लेन देन फंसा

मुरादाबाद- दो दिन की हड़ताल ने जिले में बैंकिंग सेवा को पटरी से उतार दिया। कई राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों की हड़ताल रहने के चलते इन बैंकों में ताले लटके रहे। वही जिले भर के बैंकों में क्लीयरिंग बाधित रही जिसके चलते सात अरब का लेनदेन जहां का तहां अटक गया। आज बुधवार से बैंकिंग सेवाएं पटरी पर लौट सकेंगी। राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर सोमवार और मंगलवार को कई राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी हड़ताल पर रहे लेकिन बैंकिंग सेवाएं कमोबेश लगातार चार दिन तक बाधित रही। शुक्रवार के बाद से इन बैंकों में कामकाज ठप हो गया। शनिवार को चौथे शनिवार का बैंकों में अवकाश था अगले दिन रविवार की छुट्टी थी। सोमवार और मंगलवार को हड़ताल का असर एसबीआई और निजी बैंकों पर नहीं था लेकिन क्लीयरिंग नहीं होने से जिलेभर में बैंकिंग के जरिए होने वाला लेनदेन अटक गया। करीब 700 करोड़ के चेक हड़ताल के चलते क्लियर नहीं हो सके। इन सभी चेकों की क्लीयरिंग आज बुधवार को बैंकिंग सेवा सुचारू होने पर संभव हो सकेगी।

# डेढ़ माह के भीतर दो बेटों की ट्रेन की चपेट में आकर मौत, टूट गया बुजुर्ग लाल सिंह

मुरादाबाद-डेढ़ माह पूर्व तक लाल सिंह के परिवार में सब कुछ ठीक-ठाक था। तीन बेटों राजवीर, मनवीर, अंकित और बेटी अखिलेश के साथ खुश था। डेढ़ माह पूर्व बेटा मनवीर घर से बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला। इसी बीच वह ट्रेन की चपेट में आ गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। परिवार मनवीर शादी-शुदा था। तीन बच्चे हैं। परिवार मनवीर के गम से उबरने की कोशिश में था। इसी बीच सोमवार रात छोटा बेटा अंकित टॉयलेट जाने की बात कहकर घर से निकला। उसने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। उसका शव दो भागों में बंट गया। शिनाख्त भी मोबाइल के जरिए हो सकी। डेढ़ माह के भीतर दो बेटों की मौत से बुजुर्ग लाल सिंह बदहवास हो गया। आलम यह था कि वह गुमसुम था। उसकी आंखों से आंसू निकलने भी बंद हो गए थे। परिवार वालों के अलावा रिश्तेदार उसे ढांढस बंधा रहे थे।

www.knlslive.com

## अंकित की मर्जी के बिना की जा रही थी शादी?

मुरादाबाद। परिवार में सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। परिवार वाले किसी भी प्रकार के विवाद होने से भी इनकार कर रहे हैं। सवाल उठता है कि तो अंकित ने सुसाइड आखिर किया क्यों। सूत्रों के मुताबिक अंकित की शादी उसकी मर्जी के बिना की जा रही थी। पुलिस इस बिंदु की भी गहराई से पड़ताल कर रही है।

# भाकियू नेताओं ने थानों पर धरना देकर किया प्रदर्शन

मुरादाबाद-राष्ट्रीय आह्वान पर जिले के तमाम तहसील व ब्लाकों पर भाकियू नेताओं ने अपने थानों पर विरोध स्वरूप थानों पर धरना प्रदर्शन किया। भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता के निर्देश पर मंगलवार शाम भाकियू नेताओं ने थानों पर धरना देकर विरोध जताया। मुजफ्फरनगर में पुलिस द्वारा भाकियू नेता से अभद्रता किए जाने के विरोध में मंगलवार को राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के निर्देश पर जिले की तहसील,ब्लाकों के थानों पर धरना दिया। किसानों ने कांठ,छजलैट के साथ मूंढापांडे थानों पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन करने वालों में तहसील अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेश सिंह, महानगर अध्यक्ष रणधीर सिंह, संगठन मंत्री राधेश्याम,जिला उपाध्यक्ष राम अवतार सिंह युवा ब्लॉक अध्यक्ष सुमित यादव,जिला संगठन मंत्री माखन सिंह चौहान, ठाकुर अजय पाल सिंह महेंद्र सिंह सैनी, तहसील उपाध्यक्ष विकास चौहान, रोहताश सिंह, राजीव चौहान,रजनीश सिंह चौहान,लक्ष्मण चौहान,श्याम पाल,अमन चौहान,अजय पाल चौहान,महबूब भाई,बाबू,असलम,नेपाल सिंह, लल्ला सिंह आदि मौजूद रहे।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक


क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Indecent behavior


In the West Bengal Assembly, a scuffle between the ruling party and the opposition legislators and the suspension of five BJP MLAs, including the Leader of the Opposition, once again put Indian democracy to shame. Angry over the Birbhum violence, the opposition was raising slogans against Chief Minister Mamata Banerjee, who also holds the Home Ministry. Meanwhile, the MLAs of the ruling party also became aggressive and this indecent incident happened. It is not just about the West Bengal Legislative Assembly, such indecent scenes have started appearing every few hours in almost all the legislative bodies of the country and it should be a matter of concern for all Indians, who cherish democracy. How many days have passed now, when the Speaker of the Assembly had to be called a marshal in the Bihar Legislative Assembly?“If all the parties will not think seriously on this situation, then after constantly watching such incidents, it will be difficult for our future generations to believe that the parliamentary democracy of this country has also seen such a phase when the ruling party's government Members used to take a jibe at their own Prime Minister and the Leader of the House accepted him with respect. Now the situation is such that the ruling party has started expecting a smile from the opposition even though it knows that their roles in a democracy are different. Constructive criticism is the first constitutional obligation of any opposition and the BJP MLAs in the West Bengal Assembly have the right to call the government on any government lapse, administrative negligence. If only! Everyone would have recognized their Lakshman-rekha.“The most serious challenge before the Indian democracy at the moment is that of proper functioning of the legislative houses. The irony is that our public representatives are not getting proper training. Can't remember where and when any party had organized the last training camp for its MPs and MLAs? Such camps not only teach the members the nuances of parliamentary work, but also make them aware of various aspects of conduct within the House. Not only this, even parliamentary party leaders within the Houses have given up the parental role. So the verbal altercation has started reaching physical abuse. There is no need to report again and again how much damage has been done to the reputation of the public representatives in the eyes of the public. Therefore, it would be better if the responsible political parties clean their homes first. ADR's election-by-election report explains why the character of elected houses is changing? In some state assembly, the number of tainted MLAs has started reaching 50 percent. In such a situation, how can it be expected that the limits will be restored there? All the political parties of the country also need to remember that in successful democracies, things are made not only by noise, but also by words. Clearly, until the power and opposition do not take each other into confidence, unpleasant situations like the West Bengal Assembly will continue to arise and Indian democracy will not be in the limelight at all.

## Urfi Javed was seen dancing in front of the camera without wearing clothes, just pasting photos on the body, video viral



Urfi Javed keeps surprising everyone with her bold look every time. Seeing his strange fashion, many times people's heads turn around. Meanwhile, once again Urfi has created his new look which is surprising everyone. Believe me, you too will not be able to believe your eyes seeing this new look of hers. 'Bigg Boss OTT' contestant Urfi Javed has shared the video of his latest look on his Instagram account. You can see in this video that this time Urfi really crossed the limit. Urfi Javed has created his new look by just pasting his photos on his body. If you can see the video carefully that she is seen sticking many of her own pictures on her body. During this, she is seen dancing in front of the camera. On the other hand, Urfi has completed her look with special make-up. During this, she has made her makeup special by applying brown light glossy lipstick, light eyeshadow, eyeliner and mascara. Talking about the hairstyle, she has done soft curly open hair. There are constant reactions of fans on this video. At the same time, users are trolling him by commenting on it. Urfi Javed is a resident of Lucknow. She started her acting career in the year 2016 with the character of Avani Pant in Sony TV's show 'Bade Bhaiya Ki Dulhaniya'. At the same time, in the year 2016-17, Urfi played the role of Chhaya in the Star Plus show Chandra Nandni. At the same time, Urfi also won the hearts of the audience with the character of Aarti in Meri Durga. Urfi's list includes 'Saat Phero Ki Hera Pheri', 'Bepnaah', 'Jiji Maa', 'Daayan', 'Yeh Rishta Kya Kehlata Hai' and 'Kasauti Zindagi'.

## Taarak Mehta...' fame Aradhana Sharma wreaked havoc in black monokini, fans were clean bold after seeing photos



Aradhana Sharma, who made a splash in Splitsvilla, is paying a lot of attention to her acting career these days. After the end of the show, Aradhana Sharma started her acting career through Aladdin Naam Toh Suna Hoga. Aradhana gained a lot of popularity through the comedy show Taarak Mehta Ka Ooltah Chashmah. The actress is once again in the headlines and this time her bold photoshoot is grabbing the attention of the people. Aradhana Sharma recently got a photoshoot done in a black monokini and now these pictures of her are becoming fiercely viral on social media. Fans became clean bold after seeing Aradhana - People are not tired of praising her after seeing the new avatar of Aradhana Sharma. One user wrote, 'Uff this look of yours....' At the same time, another user has written in praise of Aradhana by commenting, 'The girl in on fire...'. Let us tell you that so far more than 6 thousand likes have come on these pictures of Aradhana. Aradhana will be seen in Spy Bahu Very soon Aradhana is going to take entry in Colors channel's new serial Spy Bahu. Aradhana is going to be seen in a negative role in this show. In an interview given to India Forum, Aradhana Sharma has revealed that she is very excited to be a part of the show.

The actress has said, 'I am going to play a negative character. My character's name will be Koel who is very smart. That spy will bring troubles in the daughter-in-law's life. The interesting thing is that I am getting a chance to play such a character on screen.

# गर्मी से बौखलाए कुत्ता-बंदर, लोगों को बना रहे 'शिकार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की आयुष विंग के आयुर्वेद ओपीडी में कुत्ता-बंदर काटे लोगों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया जाता है। उसके लिए आने वाले लोगों के पर्चे पर डा. नवीन गुप्ता अपनी सहमति देते हैं। उसके बाद पास के कक्ष में बंदर, कुत्ता के कटाने के बाद आए लोगों को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाई जा रही है। कक्ष के सामने प्रतिदिन महिला-पुरुष, युवक-युवती, किशोर, बच्चों की लाइन लगी रहती है। एआरवी लगाए जाने के लिए लोगों को दो पर्चे बनवाने होते हैं। उसके बाद ही चिकित्सक की परामर्श पर वैक्सीन लगती है। डा. नवीन गुप्ता ने बताया कि कुत्ता, बंदर काटे का कोई इलाज नहीं है। इसलिए लोग कुत्ता काटने के बाद असर होने के डर से एआरवी लगवाने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों की संख्या बढ़ने लगी है। उससे लगता है कि जानवरों पर भी गर्मी का असर होने लगा है। बौखलाकर वह लोगों को शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुत्ता काटने के बाद जानवर के दांत में इन्फेक्शन हो जाता है। इसलिए लोगों को कुत्ता-बंदर के काटने पर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवा लेना चाहिए। एआरवी लगाने वाले फार्मासिस्ट रवि यादव ने बताया कि प्रतिदिन 200 से 250 लोग आ रहे हैं। सभी को चिकित्सीय परामर्श के बाद एआरवी लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भी स्टोर में 600 डोज एआरवी की उपलब्ध है।

# 15 दिन में काट दिए 2900 विद्युत कनेक्शन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विद्युत निगम ने बड़े बकायेदारों पर चुनाव परिणाम के बाद कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। विद्युत निगम द्वारा 15 दिनों में ही 2932 कनेक्शन काटे हैं। सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र में 2607 कनेक्शन काटे जा चुके हैं। जबकि शहर में 325 कनेक्शन काटे हैं। विद्युत निगम ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में बड़े बिजली बिल बकायेदारों को बिल चुकाने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की थी। इस योजना के तहत बकायेदारों का ब्याज माफ किया गया। लेकिन करीब 29 हजार उपभोक्ताओं ने इसका लाभ नहीं लिया और बिल का भुगतान नहीं किया। अब विधानसभा चुनाव के बाद विद्युत निगम ने कार्रवाई के तौर पर कनेक्शन काटने का काम शुरू कर दिया है। 15 दिन के अंदर ग्रामीण क्षेत्र में 2607 विद्युत कनेक्शन काटे जा चुके हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में 325 कनेक्शन काटे गए हैं। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्र में अभी तक करीब 28 हजार बकायेदार बिल भुगतान करने के लिए बचे हुए हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में करीब 500 बकायेदार बचे हुए हैं। बकायेदारों से बिल जमा कराया जा रहा है। जो बिल जमा नहीं कर रहे हैं उनके विद्युत कनेक्शन काटने का काम शुरू कर दिया है। अभी तक ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 2932 कनेक्शन काटे जा चुके हैं। आरबी रॉय, अधिशासी अभियंता, विद्युत निगम

# आगरा के युवक की जलेसर में हत्या का केस दर्ज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आगरा से बुलाकर जलेसर लाकर युवक की हत्या करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज हो गई है। मामले में मृतक के पिता ने ट्रक चालक सहित तीन लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है। जिला आगरा थाना खंदौली के गांव अगरपुर निवासी रविंद्र चौहान ने थाना जलेसर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 24 मार्च को ट्रक चालक लॉकी खान उनके बेटे राहुल चौहान को जलेसर जाने के लिए बुलाकर लाया था। अगली सुबह जलेसर के गांव रेजुआ के पास राहुल का शव पड़ा मिला था। ट्रक निधौलीकलां क्षेत्र में पलटा हुआ मिला। रविंद्र चौहान ने ट्रक चालक, मालिक सहित तीन पर हत्या का आरोप लगाया था। तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जलेसर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

www.knlslive.com

# मारहरा में पथराव के मामले में तीन पुलिसकर्मी लाइन हाज़िर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना मारहरा में रविवार को मारहरा स्कूल प्रबंधक के चुनाव में हुए पथराव के मामले में दारोगा सहित तीन को लाइन हाजिर किया गया। जांच में तीनों कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। थाना मारहरा में तैनात दरोगा अजय कुमार, हैड कांस्टेबल अरविंद कुमार, आदर्श आर्य को थाना मारहरा से पुलिस लाइन भेजा गया है। मारहरा में विद्यालय के प्रबंध तंत्र के चुनाव को लेकर विवाद के बाद पथराव हो गया था। करीब आधा घंटे तक पथराव हुआ। नामांकन पत्र भी छींन लिए गए थे। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। 50 लोग अज्ञात शामिल है।

# बैंकों में दो दिन के लिए कार्य बहिष्कार, लोग परेशान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- ऑल इंडिया बैंक इम्पाईज एसोसिएशन के आव्हान पर सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल करते हुए कार्य बहिष्कार किया। इसके कारण बैंकों में ताले पडे रहने से उपभोक्ताओं को बैंकिंग कार्यों से संबंधित अनेकों समस्याओं का सामना करना पडा। जनपद भर में करीब एक अरब का लेन देन प्रभावित हुआ। बैंक कर्मियों ने लाखों कामगरों एवं उनकी मांगों के समर्थन में युद्धघोष का पोस्टर बैंकों के बाहर चस्पा करते हुए कार्य बहिष्कार किया। बैंक कर्मियों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि बैंकों का निजीकरण बंद किया जाए, सभी अनुबंध कर्मचारियों और बीसी को नियमित किया जाए। सजावटी छटनी बंद कर खराब ऋण की वसूली शुरू कराई जाए। नई पेंशन योजना को निरस्त कर पुरानी पेंशन बहाल की जाए। महंगाई भत्ते से जुडी पेंशन योजना बहाल की जाए। कैनरा बैंक की 68 शाखाओं में काम प्रभावित हुआ। अन्य बैंक शाखाओं में भी काम का यही हाल रहा। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में हड़ताल होने से भी परेशानी उठानी पड़ी।

# वार्षिक निरीक्षण पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- पुलिस उपमहानिरीक्षक, अलीगढ परिक्षेत्र, अलीगढ श्री दीपक कुमार द्वारा आज दिनाँक 29.03.2022 को जनपद एटा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। उपमहानिरीक्षक द्वारा महिला थाना के निकट नवनिर्मित अपराध शाखा भवन का उद्घाटन करने के पश्चात पास में ही स्थित परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर और पीड़ित परिवारों के साथ बातचीत करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तदोपरांत पुलिस कार्यालय एटा पहुँचकर सलामी लेकर पत्र व्यवहार शाखा, आंकिक शाखा, डीसीआरबी निरीक्षण किया। पुलिस कार्यालय की साफ-सफाई एवं पूरे प्रशासनिक भवन/परिसर का रखरखाव उच्चकोटि का पाया गया। पत्र व्यवहार शाखा एवं आंकिक शाखा में नियुक्त लिपिकों के कार्यों का निकटता से पर्यवेक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। उपस्थित अधिकारियों को अपनी तीन प्राथमिकताओं (1) घटनास्थल पर थानाध्यक्ष तत्काल पहुंचें (2) वादी से दुर्व्यवहार कदापि न करें (3) थानाध्यक्ष का व्यक्तिगत आचरण उच्चकोटि का हो से अवगत कराते हुए निर्देशित किया गया कि इन तीनों बिन्दुओं पर यदि कोई शिकायत प्राप्त हुयी तो उसे गम्भीरता से लेते हुए कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यह तीनों बिन्दु अच्छी पुलिसिंग के सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु है। पुलिसिंग संबंधी प्राथमिकताओं के बारे में स्पष्ट करते हुए निर्देशित किया गया कि धारा 363/366 भादंवि के अपराधों की विवेचना थानाप्रभारी स्वयं करें तथा अपहृता की बरामदगी तत्काल सुनिश्चित करें, अनावश्यक रूप से विवेचनाओं को लम्बित न रखें- 72 घण्टे के अन्दर यह निर्णय लेकर कि घटना सत्य है अथवा असत्य है, तदनुसार विवेचनात्मक कार्यवाही कर त्वरित निस्तारण करें, वास्तविक रूप से सक्रिय अपराधियों को चिन्हित कर, उन्हें सक्रिय अपराधियों की सूची पर लाकर उनकी निगरानी करें। थानों पर लम्बित मालों के निस्तारण हेतु 15 दिवस का विशेष अभियान चलवाकर मा0 न्यायालय से निस्तारित अभियोगों का पर्चा फैसला निकलवाकर उसके आधार पर मालों का अधिक से अधिक नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत रात्रि की अपेक्षा दिन में दबिश का आयोजन करना तथा जामीनान की थाने पर माह में एक बार उपस्थिति अनिवार्य करने का सुझाव भी थाना प्रभारियों को दिया गया। दिए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस लाईन की मैगजीन में उपलब्ध कारतूसों व खोखा कारतूसों का भौतिक सत्यापन करवाने के निर्देश भी दिए गए। नगरीय थाना कोतवाली नगर तथा ग्रामीण थाना पिलुआ पर पहुंचकर, थाने का निरीक्षण किया गया। थाने के निरीक्षण के दौरान थाने की साफ सफाई एवं कम्प्यूटर उपकरणों के रखरखाव/ संचालन का कार्य संतोषजनक पाया गया। थाना के भोजनालय में साफ सफाई उच्चकोटि की पाई गयी। थाने पर लम्बित मामलों, लम्बित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों को अध्यावधिक रखने हेतु थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया। तदोपरांत पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ परिक्षेत्र, अलीगढ द्वारा जनपद एटा से जनपद अलीगढ़ हेतु प्रस्थान किया गया।

# लापता किशोर जंगल मे अचेत पड़ा मिला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- लापता किशोर 24 घंटे बाद जंगल में अचेत पड़ा मिला। घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। जंगल में बालक कैसे पहुंचा, उसे खुद पता नहीं है। चर्चा है कि बालक भटक गया होगा। कोतवाली जलेसर के मोहल्ला गोलाकुआं निवासी सुरेश चंद्र का 14 वर्षीय बेटा छोटू रविवार सुबह करीब दस बजे घर से अचानक लापता हो गया था। पिता सुरेश चंद्र ने अनुसार मोहल्ले में तलाश किया। आसपास के लोगों से जानकारी ली। रिश्तेदारी में कॉल कर पूछा। उसका पता नहीं चल सका। उसके लापता की होने की तहरीर कोतवाली पुलिस को भी दी थी। पुलिस ने भी उसे तलाश किया। कोई पता नही चल सका था। सोमवार सुबह लगभग 11 बजे परिजनों को सूचना मिली कि एक किशोर जलेसर रेलवे स्टेशन से आगे लाइनपार स्थित गांव गोपालपुर स्थित जंगल में नदी किनारे पड़ा मिला है। सूचना पाकर पिता व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। वह उनका बेटा ही निकला। बता दें कि एक सप्ताह पहले गांव नगला विजयी का भी एक किशोर लापता हुआ था। पुलिस ने गाज़ियाबाद के लालकुंआ से बरामद किया था।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर, विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# ऑन लाइन धोखाधड़ी के दो मामले में जीपीएम पुलिस को मिली सफलता




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिले में घटित धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने तथा फरार आरोपियों के गिरफ्तारी के संबंध में *पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के नेतृत्व में थानों में लंबित धोखाधड़ी के अपराधों की समीक्षा कर प्रकरण में फरार आरोपियों की पतासाजी हेतु थानों एवं साइबर सेल की टीम गठित कर आरोपियों के संबंध में सूचना संकलन किया गया। थाना मरवाही के अपराध क्रमांक 26/ 20 धारा 420 भादवि के प्रकरण में अज्ञात आरोपी मोबाइल नंबर धारक 9078910136 के द्वारा पीड़ित को बैंक अधिकारी होने का झांसा देकर कैश बैक मिलने का लालच देकर एनीडेस्क एप डाउनलोड करा कर प्रार्थी के बैंक खाते से अलग-अलग 9 किस्तों में कुल 99,972 निकाल लिया था। इसी प्रकार थाना गौरेला के अपराध क्रमांक 04/ 21 धारा 420, 34 भा द वि के प्रकरण में अज्ञात आरोपी मोबाइल धारक 7489671162 के द्वारा पीड़ित के मोबाइल नंबर में फोन करके केश बैक की राशि खाते में ट्रांसफर कर 74,447 रुपये का ऑन लाइन रकम ट्रांसफर कर धोखाधड़ी किया था। प्रकरणों में अज्ञात आरोपियो की लगातार पतासाजी की जा रही थी। सायबर सेल की टीम के द्वारा उक्त दोनों मोबाइल धारकों का तकनीकी जानकारी लेकर झारखंड के जिला देवधर से आरोपियों की शिनाख्त की गई। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल एवं 12 फर्जी सिम कार्ड जप्त किये गए हैं। धोखाधड़ी किये गए रकम को आरोपियों के द्वारा खर्च करना बताये। उक्त आरोपियो को घटना में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया है।

नाम आरोपी 1.थाना मरवाही अपराध क्रमांक 26 /20 धारा 420 भादवि--मोहम्मद इनामुल हक पिता कयामुद्दीन अंसारी 24 साल निवासी खगड़ा थाना कुंडा जिला देवधर झारखंड। 2, थाना गौरेला के अपराध क्रमांक 04 /21 धारा 420,34 भादवि-- 1.कपिल देव दास पिता भवदेव दास उम्र 25 वर्ष निवासी राजा डीह थाना जसीडीह जिला देवधर 2. अनिल कुमार दास पिता भवदेव दास उम्र 23 साल निवासी ग्राम राजाडीह थाना जसीडीह जिला देवघर झारखंड। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक अनिल अग्रवाल, निरीक्षक युवराज तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक हेमंत आदित्य, सहायक उपनिरीक्षक दुर्गेश राठोर, उप निरीक्षक योगेश अग्रवाल, उप निरीक्षक कमलेश शेंडे,आरक्षक राजेश शर्मा, चौपाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नि:शुल्क साइकिल पाकर खिले छात्राओं के चेहरेअब छात्राओं को स्कूल जाने में नहीं होगी परेशानी

पप्पू जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - महुली में संचालित हाई स्कूल महुली में आज छत्तीसगढ़ सरकार की सरस्वती साइकिल योजना के तहत 34 बालिकाओं को नि- शुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल गए। बिहारपुर महुली में संचालित हाई स्कूल में आज छत्तीसगढ़ सरकार की सरस्वती साइकिल योजना के तहत 32 बालिकाओं एवं 2पन्डो जनजाति बालक को नि-शुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल गए। छात्रों को साइकिल प्रदान करते हुए जिला पंचायत विद्या अध्ययन में बालिकाओं के लिए दूरी बाधक न हो इसलिए सरस्वती साइकिल योजना की



शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत प्रदेश की बालिकाओं को एवं पन्डो जनजाति साइकिल वितरण कर घर से स्कूल की दूरी को कम कर दिया है। उन्होंने ने सभी बालिकाओं को नियमित रूप से समयानुसार विद्यालय आने और पढ़ाई कर अपने स्कूल और माता -पिता का नाम रोशन करने का संदेश दिया।आज शासकीय हाई स्कूल महुली में विधायक प्रतिनिधि ब्रह्मदेव जायसवाल व स्स्छष्ट अध्यक्ष एं सदस्यों साथही सरपंच सहित पालकों द्वारा प्राचार्य रामशरण प्रजापति व समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में कक्षा 9 वी के छात्राओं व पंडो बालकों को नि:शुल्क सरस्वती सायकल वितरण किया गया।

# भाजपा पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा समेत भाजपा के कई बड़े नेता पहुंचे धरने पर बैठे वन कर्मी को समर्थन देने

पप्पू जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - वन कर्मचारी हैं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर इधर जंगल जलकर हो रहें हैं ख़ाक सूरजपुर - छत्तीसगढ़ प्रदेश के भाजपा के पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल समेत भाजपा के कई बड़े नेता मंगलवार को वन विभाग कार्यालय सूरजपुर में धरने पर बैठे वन कर्मियों को समर्थन देने पहुंचे। विदित हो छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ ने बैनर तले 21 मार्च 2022 से प्रदेश भर के करीब दस हजार कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं । हड़ताल के कारण जंगल में अवैध कटाई का खतरा बढ़ गया है. गर्मी के दिनों में जंगलों में आग भभक रही है।लेकिन कर्मचारियों के हड़ताल में जाने के कारण आग बुझ नहीं पा रही है। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से वनों की सुरक्षा खतरे में है.




इसके अलावा वन कार्यालय और जंगलों का कामकाज ठप्प हो गया है। भाजपा नेताओं ने निकम्मी व खोखली छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सरकार से जल्द से जल्द वन कर्मियों की 12 सूत्रीय मांगों को पूर्ण करने को कहा है। अन्यथा भाजपा भी सड़कों पर धरने पर बैठने के लिए विवश हो जाएगी। इस मौके पर पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला पंचायत सदस्य लवकेश पैकरा, पूर्व जनपद अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप द्विवेदी ,भाजपा मंडल ओड़गी महामंत्री प्रवीण गुर्जर, सुधीर चौबे व भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे?।

# जल स्तर बढ़ाने नरवा विकास के कार्यों में लाएं तेजी-कलेक्टर सुश्री चौधरी

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जनशिकायतों-समस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होने जल स्तर बढ़ाने के लिए मनरेगा और वन विभाग के समन्वय से नरवा विकास के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए लिफ्ट एरीगेशन के तहत अधिक



से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा देने और बहु फसलीय खेती के लिए कृषि, जल संसाधन और पंचायतों के नियुक्ति नोडल अधिकारियों से किसानों को प्रेरित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य सचिव के निर्देशानुसार जिले के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल और शौचालय सुनिश्चित करने के साथ ही स्कूलों में पोषण वाटिका एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका बनाने को कहा। उन्होंने मनरेगा और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से निर्माणाधीन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को शीघ्र पूर्ण कर महिला एवं बाल विकास विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा जिले में की गई घोषणा के तहत सड़क, पुल, स्कूल, सामुदायिक भवन, स्वास्थय केंद्र, ब्लड बैंक, पर्यटन विकास, विभिन्न समाजों को भूमि आबंटन सहित अनेक जनहित से संबंधित घोषणा के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा अगले माह जिले में प्रस्तावित दौरे को ध्यान में रखते हुए भूमि पूजन, शिलान्याश, लोकार्पण आदि की विभागवार जानकारी भेजने के निर्दश दिए। कलेक्टर ने पंचायतों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को गौठानों में पानी की पर्याप्त व्यवस्था कराने, शेड निर्माण, फलदार एवं छायादार पौधे लगाने, गौठान समितियों की कार्यों की नियमित समीक्षा करने तथा निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने महिला स्व सहायता समूहों को आजीविका मिशन के तहत आर्थिक गतिविधियों जोड़ने, पेंशन प्रकारणों का निराकरण, राशन कार्ड में पात्रता अनुसार नाम जोड़ने एवं नाम काटने, नुकसान हुआ है उन्हे शीघ्र मुआवजा भुगतान, अधिक से अधिक किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनाने, प्रत्येक ब्लाक में अधिक से अधिक खेल मैदान के लिए सीमांकन एवं फेंसिंग करने के निर्देश दिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, संयुक्त कलेक्टर श्री विरेंद्र सिंह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# अज्ञात कारणों के चलते लगी भीषण आग



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर-दिनेशपुर के दुर्गापुर में स्थित एक फैक्ट्री में आग लग जाने से आज एक बड़ा हादसा हो गया इस मौके पर फैक्ट्री स्वामी काबल सिंह विर्क का कहना है कि जब उनको सूचना मिली तब वह घर पर थे और जब वहां पहुंचे हैं तो आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी और शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है वही फायर बिग्रेड के अधिकारी ने बताया कि लगभग ८:०० बजे इस फैक्ट्री में आग लगी थी जिसके बाद वह रुद्रपुर से फायर बिग्रेड की गाड़ियां लेकर पहुंचे हैं और केमिकल में आग लग जाने के कारण पानी का असर नहीं हो रहा था जिसके बाद फायर बिग्रेड द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड की फॉग डालने के बाद यह आग बुझ चुकी है और पूर्व में फैक्ट्री कर्मियों द्वारा अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था लाखों रुपए के नुकसान की आशंका है

जिसकी जांच की जा रही है।वही फैक्ट्री के में मौजूद कर्मचारी ने बताया कि उन्होंने अचानक आग की लपटें उठती देखी जिसके बाद उन्होंने फैक्ट्री के मालिक को फोन किया और सभी फैक्ट्री कर्मियों ने आग बुझाने के प्रयास किए जिसमें उन फैक्ट्री में लगे हुए फायर हाइड्रेंट का भी प्रयोग किया गया लेकिन आग काबू से बाहर हो चुकी थी

# एक्शन में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा विगत दिनों आयी बाढ़ त्रासदी के विषय को मुख्यमंत्री धामी के समक्ष रख स्थायी समाधान के लिये दिया लिखित ज्ञापन



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर-विधानसभा सत्र के पहले दिन विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में मुलाकात कर गत दिनों रुद्रपुर में आई भीषण बाढ़ के सन्दर्भ में लिखित ज्ञापन देकर जलभराव के स्थायी समाधान हेतु आई.आई. टी रुड़की अथवा समकक्ष तकनीकी संस्थान से सर्वे कराकर स्थाई समाधान कराने के संदर्भ में आग्रह किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा बरसात के समय रुद्रपुर में जलभराव की समस्या आती रहती है लेकिन गत वर्ष अक्टूबर माह में आयी भीषण बाढ़ से रुद्रपुर जलमग्न हो गया था एव बस्तियों एव निचले इलाके पूर्ण रूप से जलत्रासदी की चपेट में आ गये थे एव हजारो परिवार की जान पर बन आयी थी । शिव अरोरा ने कहा वही शहरी इलाकों में व्यापारी वर्ग पूर्ण रूप से बर्बाद हो गया था उनकी दुकानों पूरी तरह जलमग्न हो गयी थी जिससे करोड़ो रूपये का नुकसान हुआ था। शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि इस ऐसी जलत्रसदी की स्थिति दुबारा उत्पन्न न इसको देखते हुए इसके स्थायी समाधान की आवश्यकता है। वही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गम्भीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित विभाग को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया जिन्होंने इसके ऊपर संज्ञान लेते हुए स्थायी समाधान हेतु आश्वस्त किया। शिव अरोरा ने कहा रुद्रपुर की जनता के लिये मेरे हर क्षण समर्पित है एव भविष्य में भी रुद्रपुर विकास के लिये सदैव प्रमुखता से निरंतर प्रयास जारी रहेंगे एव विकास के कार्यों में कोई कमी नही आने दी जाएगी ।शिव अरोरा ने कहा एक विधायक के रूप में रुद्रपुर की आवाज को विधानसभा में उठाते रहेंगे ओर सभी के सहयोग से एक नये रुद्रपुर में विकसित करेंगे।

# दोनों तरफ से दागी जा रही थीं मिसाइलें, यूपी चुनाव की कड़वाहट पर बोले योगी; अखिलेश को इसलिए कहा- थैंक्स



उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को पक्ष और विपक्ष विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव में साथ खड़ा नजर आया और सतीश महाना का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर पक्ष और विपक्ष के सदस्यों का आभार जताया और इसे लोकतंत्र की मर्यादा को मजबूत करने वाला कदम बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव में आई कड़वाहट को लेकर कहा कि अभी ज्यादा दिन नहीं बीते जब दोनों पक्ष एक दूसरे पर मिसाइलें दाग रहे थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा अध्यक्ष को सर्वसम्मति से चुनने के लिए सत्ता पक्ष के साथ, विपक्ष के सभी सदस्यों और नेता विपक्ष अखिलेश यादव का आभार जताया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे शास्त्र प्रेरणा देते हैं कि जब भी महान बनने का कोई अवसर मिले तो हमें इस अवसर से वंचित नहीं होना चाहिए। आपके नाम से तो महाना ही जुड़ा है।स्वभाविक रूप से लोकतंत्र के इस गौरव पूर्ण आसन पर विराजमान होना, किसी भी सदस्य के लिए ना सिर्फ अभिनंदनीय है, बल्कि गौरवपूर्ण भी है।" योगी ने कहा, "इस पीठ पर एक अनुभवी सदस्य का चयन सबकी अनुमति से हो यह सुखद अनुभूति कराता है, खासकर तब जब उत्तर प्रदेश विधानसभा में मार्च के प्रथम सप्ताह में दोनों ओर से मिसाइलें चल रही थीं। और उस समय हर व्यक्ति एक दूसरे के हमलों से झुलसने से बचने के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास कर रहा था। लेकिन यह भारत में ही संभव हो सकता है और भारत में भी यूपी में ही कि राजनीतिक मतभेद कितने ही क्यों ना हो लेकिन लोकतंत्र को पुष्ट करने के लिए सर्वानुमति का रास्ता अपनाने और लोकतंत्र की मर्यादा को बनाए रखने के लिए हम मिलकर अभियान को आगे बढ़ाएंगे।" सीएम योगी ने पक्ष और विपक्ष को लोकतंत्र के दो पहिए बताते हुए कहा कि दोनों मिलकर यूपी के 25 करोड़ की जनता के सर्वांगीण विकास के कार्यों को भी एक नई ऊंचाई तक पहुंचाकर नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बना सकते हैं। सीएम योगी ने कहा कि विधायकों का शपथ ग्रहण भी बेहद सकारात्मक तरीके से हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनाव समाप्त हो चुके हैं, अब 25 करोड़ जनता के हित के बारे में सोचना है और काम करने का समय है।

## नकारात्मका को स्वीकार नहीं करती जनता: योगी

सीएम योगी ने कहा, "हमने मार्च पहले सप्ताह तक चुनाव प्रचार में देखा कि एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप, आक्षेप और बयानबाजियों को जो दौर चला है, हर दल अपने हिसाब से करता था। लेकिन एक चीज है जो हम जनता और यूपी में देखते हैं कि जनता कभी नकारात्मकता को स्वीकार नहीं करती। नकारात्मकता के लिए उसके हृदय में स्थान नहीं है। जो सकारात्मक होगा, जो प्रगतिशील होगा, जो लोककल्याण का कारक होगा, जनता उसी को अंगीकार करती है। जो नकारात्मक होगा, हमारे समाज, हमारे देश ने कभी नकारात्मकता को कोई महत्व नहीं दिया। नकारात्मकता जीवन में कभी प्रगति नहीं कर सकती है। सकारात्मकता से ही ना केवल हम प्रगति के मार्ग को आगे बढ़ा सकते हैं, बल्कि लोक कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त कर सकते हैं।"

# पति-पत्नी और वो: पहली को मायके भेज दूसरी वाइफ ले आया युवक, घर से थाने तक हंगामा



भदोही के गोपीगंज में एक युवक अपनी पत्नी को मायके भेजकर एक युवती को घर ले आया। इसकी जानकारी मिलते ही पत्नी वापस ससुराल पहुंची तो हंगामा खड़ा हो गया। युवती भी पत्नी होने का दावा करने लगी। हंगामा बढ़ा तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दोनों पत्नियों और पति को थाने ले आई। यहां भी हंगामा चलता ही है। मूल रूप से बलिया के सीताकुंड निवासी रामदुलार सोनी की बेटी सुमन की शादी चकपड़ौना कवालापुर गांव निवासी संतोष सोनी के साथ 2004 में हुई थी। सुमन ने आरोप लगाया कि शादी के बाद ससुराल आने के साथ ही उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज के लिए पति किसी और से शादी करना चाहता था। किसी युवती से फोन पर बात भी करता था। विरोध करने पर पति के साथ पूरा परिवार प्रताड़ित करने लगा। आरोप लगाया कि दिसंबर 2021 में पता चला कि पति ने चित्रकूट किसी युवती से शादी कर ली है और उसे वहीं पर रखा है। इसी बीच कुछ दिन पहले उसे डरा-धमकाकर मायके भेज दिये। उसके मायके जाने पर चित्रकूट से युवती को घर बुला लिया गया। सोमवार को मायके से वापस ससुराल पहुंची तो युवती को घर में देख खून खौल उठा। दोनों युवतियां आपस में ही भिड़ गईं। बात बढ़ने पर पीआरबी पुलिस को सूचना दे दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों महिलाओं व पति को थाने ले आई। यहां घंटों पंचायत चलती रही लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं हुआ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बांदा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा एस पी अभिनंदन द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन क्लीन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र सीओ सिटी राकेश कुमार सिंह के कुशल परवेक्षण में एस ओजी वा थाना कोतवाली नगर की संयुक्त टीम ने आज दिनांक 29.03.22 को द्वजनपद के जसपुरा थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला गीता देवी पत्नी दिनेश कुशवाहा उम्र 35वर्ष उसकी बेटी खुशबू 16 वा लड़के शिवा वा कृष्णा वा राजा बाबू के फर्जी अपहरण का पर्दा फाश किया गया। उक्त महिला अपने चार बच्चों के लुधियाना पहुंच कर अपने मोबाइल फोन के सिम कार्ड बदल कर रह रही थी । उसी महिला के देवर ने पुलिस को सूचना दी की 04.02.2022 को बस स्टैण्ड बांदा से महिला वा उसके बच्चों का अपहरण कर लिया गया है।उक्त महिला ने जसपुरा क्षेत्र के रहने वाले दो लोगो पर अपनी बेटी से छेड़ छाड़ का अभियोग दर्ज कराया है जिसमे एक अभियुक्त जेल में है जब की दूसरे की गिरफ्तारी नहीं होने के मामले में महिला उसका जेठ वा देवर लगातार कमतु कुशवाहा वा मोहन कुशवाहा के परिजनों से पांच लाख रुपए की माग कर रहे थे समझाते के नाम पर जिसे बांदा पुलिस वा एस ओ जी टीम ने सर्विलांस के जरिए पर्दा फास करते हुए सभी को पाठन कोट से सकुशल बरामद करने वा फर्जी मुकदमा लिखा का धन वसूली करने के आरोप में महिला जेठ वा देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# केलाखेड़ा पुलिस ने सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए 01 व्यक्ति को किया गिरफ्तार



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उधम सिंह नगर के निर्देशानुसार जुआ व सट्टा के विरोध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 28 /3 /2022 को किला खेड़ा पुलिस द्वारा अभियुक्त साजिद अली पुत्र जाकिर हुसैन निवासी चिकित्सालय वार्ड थाना किला खेड़ा उधम सिंह नगर को सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए मय सट्टा पर्ची, एक डायरी ,एक पेन, सट्टे लिखे हुए पर्चे व नगद ?1020 बरामद किए गए अभियुक्त के विरुद्ध एफ आई आर नंबर 38/2022 अंतर्गत धारा 13जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# ट्विटर से बोला दिल्ली हाई कोर्ट, ट्रंप को ब्लॉक कर सकते हो तो हिंदू देवियों को गाली देने वालों को क्यों नहीं?




दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को ट्विटर से कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विवादित टिप्पणी करने वालों को ब्लॉक कर देना चाहिए। इस मामले को लेकर नीतियों में सुधार की जरूरत है। हिंदू देवी-देवताओं को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करने को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने ट्विटर को आड़े हाथों लिया। ट्विटर ने दावा किया कि बिना किसी कोर्ट के आदेश के वह किसी भी व्यक्ति का अकाउंट ब्लॉक नहीं करता। इस पर हाई कोर्ट ने कहा, अगर यही बात है तो डोनाल्ड ट्रंप को क्यों ब्लॉक किया गया था? कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और जस्टिस नवीन चावला की बेंच ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर ट्विटर की कार्रवाई को लेकर सवाल पूछ लिया। कोर्ट ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में ऐसे संवेदनशील कन्टेंट पोस्ट किए जाते हैं। इनके प्रति ट्विटर को और भी सतर्क रहना चाहिए। कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में कहा गया था कि %एथिस्टरिपब्लिक नाम के एक ट्विटर हैंडल पर मां काली और अन्य हिंदू देवी देवताओं का मजाक बनाया गया और अमर्यादित टिप्पणियां की गईं। याचिका में मांग की गई थी कि ऐसे अकाउंट्स को बैन करने के लिए ट्विटर एसओपी जारी करे। ट्विटर ने कहा कि इस विवादित सामग्री को हटा दिया गया है और एक एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। ट्विटर के वकील ने कहा कि बिना कोर्ट के आदेश के किसी पर लगे आरोपों को देखकर उसे ब्लॉक नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि बार-बार इस तरह की शिकायतें आती हैं ऐसे में ट्विटर को सोशल मीडिया कंटेंट पर निगरानी रखनी चाहिए।

WWW.KNLSLIVE.COM

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# स्वच्छ गंगा मिशन के तहत बांदा केन नदी तट से स्वच्छता अभियान चलाया गया




अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-दिनांक 29.03.22को सुबह सात बजे से ही जिले के तमाम अधिकारियों ने केन नदी तट पर पहुंच कर सभी अधिकारियों ने घाट किनारे पड़ी गंदगी पालीथीन फूल माला को खुद अपने हाथों से उठा कर फेकने का काम किया गया । सी डी ओ बांदा ने बताया की अगर आम जन मानस स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक हो जाए तो स्वच्छ पानी के साथ साथ नदी भी स्वच्छ हो जायगी जिससे शुद्ध जल वा साफ सुथरे घाट रहेंगे। जिसके लिए समय समय से स्वच्छता अभियान चला कर लोगो को जागरूक किए जाने की जरूरत है।

WWW.KNLSIVE.COM

# हिंदुस्तान पैट्रोलियम गैस एजेंसी बांदा पर महिला ने 3600रुपए मांगने का लगाया आरोप



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-जिलाधिकारी कार्यालय बांदा का है। जहां पीड़ित राधा पत्नी निन्दी, निवासी मुहल्ला मर्दननाका छिपटहरी की रहने वाली पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी कार्यालय आकर बताया नीतू एच0पी0 गैस एजेंसी बांदा की उपभोक्ता है। उक्त गैस एजेंसी वाला करीब डेढ वर्ष से गैस नहीं दे रहा है। एजेंसी वाले का कहना है कि पहले तुम हमें 3600/- रूपये जमा करो तब तुम्हें गैस देंगे। जब तक हमें तुम रूपया नहीं दोंगी तब तक हम तुम्हें गैस नही देंगे। मैं एक गरीब महिला है मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करती है। आज अपने प्रार्थना पत्र के जरिए उक्त एजेंसी से पीड़िता को गैस दिलाने की मांग की है।

# एजुकेट गर्ल्स संस्था ने किया शिक्षकों का सम्मान

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा-खण्ड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को किया सम्मानित।एजुकेट गर्ल्स संस्था के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे हैं खण्ड शिक्षा अधिकारी जगत सिंह।यह कार्यक्रम शहर के एक होटल में सम्पन्न हुआ।शबनम ने बताया कि ऐजिनेशन बिल्डर हमने उनके सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया है क्योंकि उनके सहयोग से ही एक अच्छे समाज का निर्माण हो सकता है हम उन्हीं के साथ जुड़कर कार्यरत हैं जिसकी वजह से स्कूल में बालिकाओं का नामांकन सुनिश्चित हो रहा है ।खंड शिक्षा अधिकारी जगत सिंह ने बताया कि प्राइमरी एजुकेशन जो हमारे अध्यापक लगे हुए हैं गांव में गर्ल्स संस्था के सपोर्ट से गर्ल्स एजुकेशन और उनके नामांकन के लिए स्कूल में ठहराव के लिए उनकी एजुकेशन की उपलब्धियों के लिए जो काम कर रहे हैं जो टीचर उनकी हेल्प कर रहे हैं उनको सम्मानित करने का यह कार्यक्रम किया गया है।

# प्रशांत किशोर बोले- रातोंरात राष्ट्रीय दल नहीं बन सकती आम आदमी पार्टी, 20 करोड़ वोट चाहिए



चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने आम आदमी पार्टी को लेकर भविष्यवाणी की है कि उसे राष्ट्रीय दल बनने में 15 से 20 साल का वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी दल को राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए 20 करोड़ वोट हासिल करने की जरूरत है, जबकि आम आदमी पार्टी को 2019 में 27 लाख मत हासिल हुए थे। उन्होंने कहा कि देश में अब तक कांग्रेस और भाजपा ही राष्ट्रीय दल के तौर पर उभर पाए हैं। उन्होंने कहा कि देश में कई दलों ने इसकी कोशिश की है, लेकिन वे उभर नहीं पाए हैं। इसका यह अर्थ नहीं है कि कोई दूसरा दल राष्ट्रीय पार्टी नहीं बन सकता, लेकिन ऐसा रातोंरात नहीं हो सकता और इसके लिए वक्त चाहिए। प्रशांत किशोर ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा, %सैद्धांतिक तौर पर कोई भी दल राष्ट्रीय पार्टी बन सकता है, लेकिन इतिहास में आप झांकेंगे तो पता चलता है कि भाजपा और कांग्रेस ही पूरे भारत तक पहुंच पाए हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि कोई दूसरा दल ऐसा नहीं कर सकता। लेकिन इसके लिए लगातार 15 से 20 सालों तक संघर्ष करने की जरूरत है। ऐसा कोई बदलाव रातोंरात नहीं हो सकता।% पंजाब के विधानसभा चुनाव में आप के क्लीन स्वीप करने को लेकर सवाल पूछे जाने पर प्रशांत किशोर ने यह बात कही। पीएम नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता को लेकर भी प्रशांत किशोर ने कहा कि आज भी उनके समर्थक डटे हुए हैं। इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने कहा कि किसी के लोकप्रिय होने का यह मतलब नहीं है कि वह चुनाव नहीं हार सकता है, जैसा कि बंगाल में हुआ है। इसके बाद उन्होंने अगला उदाहरण अखिलेश यादव का दिया। किशोर ने कहा कि अखिलेश यादव की सभाओं में खूब भीड़ आ रही थी और 30 फीसदी से ज्यादा वोट मिला, इसके बाद भी हार का सामना करना पड़ा। भाजपा की 4 राज्यों में जीत के बाद क्या बेरोजगारी और महंगाई मुद्दे नहीं रह गए हैं? इस पर प्रशांत किशोर ने कहा कि ऐसा नहीं है। भाजपा को 38 फीसदी वोट मिले हैं, जबकि 62 फीसदी लोगों ने उनके खिलाफ मतदान दिया है। इसका अर्थ हुआ कि देश के 100 में से 38 लोग ही उनके साथ हैं। लेकिन बात यह है कि ये जो 62 लोग हैं, वे वोटिंग पैटर्न के मामले में एकजुट नहीं हैं और उसका फायदा एक दल को मिल जाता है।

# दिल्ली में ईडी के सामने पेश नहीं हुए टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी, मिल सकता है नया सम्मन



पश्चिम बंगाल में कथित कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी मंगलवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अपनी पहले से शेड्यूल पेशी में नहीं आए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 34 वर्षीय भतीजे के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने मामले के जांच अधिकारी को उनकी गैर-उपस्थिति के लिए कुछ व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए एक ईमेल भेजा था।समझा जाता है कि एजेंसी को उनके द्वारा बताए गए कारणों में दम नहीं लगा,

और अगर वह पेश नहीं होते हैं तो डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद को जल्द से जल्द दोबारा समन भेजा जा सकता है। यहां 21 मार्च को करीब आठ घंटे तक दूसरी बार पूछताछ के बाद संघीय जांच एजेंसी ने उन्हें मंगलवार को पेश होने के लिए नया समन जारी किया था। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से पहली बार पूछताछ की गई और उनका बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत पिछले साल सितंबर में दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी द्वारा मंगलवार का समन मामले में उनकी कथित भूमिका और अन्य आरोपियों के साथ संबंधों का पता लगाने के लिए बनर्जी से जारी पूछताछ का हिस्सा था। बनर्जी की पत्नी रुजीरा भी 22 मार्च को यहां ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए निर्धारित समन में शामिल नहीं हुईं और अब उन्हें 30 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है। सांसद ने कहा था कि उनकी पत्नी को उनके ढाई साल के बच्चे की देखभाल करनी है और इसलिए वह दिल्ली की यात्रा करने में असमर्थ हैं। हालांकि, ईडी उनसे कोलकाता में पूछताछ कर सकती है और वह सहयोग करने के लिए तैयार हैं, उन्होंने 21 मार्च को ईडी कार्यालय के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए कहा था। ईडी के नोटिस को चुनौती देते हुए जिसमें दंपति को दिल्ली में एजेंसी के सामने पेश होने को कहा, टीएमसी नेता ने पिछली बार सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) भी दायर की थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को ईडी के नोटिस को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्हें कोलकाता के बजाय दिल्ली में एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। पिछली बार यहां ईडी कार्यालय से निकलते समय, टीएमसी नेता ने संवाददाताओं से कहा था कि वह कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं और इसलिए, उन्होंने जांच में सहयोग किया।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# उत्तर प्रदेश सफाई कर्मी फिर आंदोलित, शुरू किया धरना प्रदर्शन



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश की ओर से सफाई कर्मियों के भुगतान सहित कई मांगो को लेकर नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मचारी धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। सरकारी, संविदा कर्मिया, सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारियों के मानदेय को लेकर मांग उठाई। उन्होंने कहा जो 2017 से अब तक सफाई कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए है। उनका भी कोई भुगतान नहीं हुआ है। उनके समस्त देयों का भुगतान कराया जाए। स्थाई कर्मचारियों का तीन माह का वेतन व एरियर वोनस का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। संविदा कर्मियो का दो माह का मानदेय दिया जाए। आउट सोसिंग कर्मचारियों का एक दिन का मानदेय शासन से 336 रुपए 80 पैसे आता है लेकिन नपा प्रशासन दैनिक वेतन कर्मचारियों का भुगतान 259 रुपए के हिसाब से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वह अवगत करा चुके हैं। वही प्रशासन को भी मांग पत्र सौपा था, लेकिन कुछ नहीं हुआ। प्रदर्शन की जानकारी पर चेयरमैन सुनील कुमार चक मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया लेकिन कर्मचारी नहीं माने ओर मांगो पर अड़े रहे। चेयरमैन ने बताया मई, जून की एसएफसी रूकी चल रही है। इस कारण संविदा, नियमित व सरकारी कर्मचारी का वेतन रूका हुआ है। शासन की तरफ सेबजटनहीं आया। ग्रांट बढकर आएगी तो पहले भुगतान किया जाएगा। अभी इस वक्त 46 लाख रुपए ग्रांट आ रही है। जबकि 50 लाख रुपए देनदारिया है। ग्रांट बढने पर मिलेगी।

# बैंकों में जडे ताले, हड़ताल से तीस करोड़ की क्लियरिंग ठप

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -बैंक कर्मियों व श्रम संगठनों के आह्वान पर सोमवार को बैंकिंग क्षेत्र ठप हो गया। केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे बैंक कर्मियों ने हड़ताल रखते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। हड़ताल के पहले दिन बैंकों में ताले लगने से 30 करोड़ का कारोबार ठप रहा। लेन देन को लेकर ग्राहकों को भी खासी मुसीबत का सामना करना पड़ा। कर्मचारी नेताओं ने पीएनबी शाखा पर प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ भड़ास निकाली। सरकार की श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ सोमवार को बैंक कर्मी हड़ताल पर चले गए। बैंक हड़ताल में पीएनबी के अलावा बैंक आफ बड़ौदा, बैंक आफ महाराष्ट्र, सेंट्रल बैंक, इंडियन बैंक, यूको, केनरा, यूनियन बैंकों के कर्मचारियों ने बैंकों में तालाबंदी कर दी। कर्मचारियों ने लामबंदी दिखाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। हड़ताली बैंक कर्मी पंजाब नेशनल बैंक की ठंडी सड़क स्थित शाखा पर इकट्ठे हुए। यहां पर यूपी बैंक इंपलाइज यूनियन के मंत्री केदार शाह ने केंद्र सरकार पर बरसते हुए कहा कि बैंकों का निजीकरण आम जनता के साथ धोखाधड़ी है। बैंकों को मजबूत किया जाए और एनपीए वसूली के लिए सरकार कठोर कदम उठाए जिससे कि आम जनता की कमाई सुरक्षित रह सके। सरकार निजीकरण का बिल वापस ले। अन्यथा अनिश्चित कालीन हड़ताल पर सभी बैक कर्मी चले जाएंगे। सेंट्रल बैंक के कर्मचारी नेता मयंक गुप्ता ने कहा कि भारत सरकार की नीति स्पष्ट नहीं है। स्वयं सांसद, विधायक पेंशन प्राप्त करते हैं जिन्हें हम लोग ही चुनकर भेजते है और हमारी पेंशन बंद कर दी गयी है। दूर किया जाए। कर्मचारी नेता संजीव कुमार ने कहा कि बैंकों में कर्मचारियों की कमीं है और प्रबंधक प्राइवेट बैंक की तरह काम कराना चाहती है। यह कैसे संभव होगा। इस दौरान आनंद कुमार, सूबेदार बाथम, अंकित श्रीवास्तव, प्रतीक सक्सेना, अनुराग, अजय तिवारी, अनुरोध, राहुल मजूमदार, महेश वैद्य, हिमांशु, चेतना, प्रतीक मिश्रा, कमलेश गौड़, अवधेश सिंह, विनोद वर्मा, श्याम सिंह आदि मौजूद रहे

# अरविंद केजरीवाल ने समझाया क्या है हिंदुत्व; यूपी में BJP की जीत की वजह बता 'प्लान-24' का भी खुलासा



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की जीत को लेकर कहा है कि विकल्पहीनता की वजह से ऐसा हुआ है। उन्होंने कहा कि विपक्ष हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। दिल्ली के बाद पंजाब में जीत से उत्साहित आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक ने 130 करोड़ जनता का गठबंधन बनाने की इच्छा जाहिर करके राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार का संकेत दिया है। एक टीवी इंटरव्यू में केजरीवाल ने हिंदुत्व की परिभाषा बताते हुए भाजपा पर निशाना भी साधा। इंडिया टुडे को दिए इंटरव्यू में अरविंद केजरीवाल से सवाल किया कि क्या आप बीजेपी के हिंदुत्व को सांप्रदायिक कहते हैं, क्या आप इसे काउंटर करेंगे? इसके जवाब में केजरीवाल ने कहा, "ना मेरी बीजेपी से लड़ाई है, ना कांग्रेस से लड़ाई है। हिंदुत्व की परिभाषा मैंने कई बार बताई है। मैं उस पर यकीन करता हूं और पूरा देश उस पर विश्वास करता है। रामायण और गीता में जो लिखा है वह हिंदुत्व है। भगवान राम ने रामायण में जो शब्द कहे, वह हिंदुत्व है। भगवान राम ने तो आपस में नफरत करना नहीं सिखाया। भगवान राम तो सबरी के जूठे बेर खाते हैं, और ये लोग दलितों की लिंचिंग कराते हैं।" यदि बीजेपी का हिंदुत्व सही नहीं है तो यूपी में इतना जमकर वोट कैसे मिला? इसके जवाब में केजरीवाल ने कहा, "कोई विपक्ष ही नहीं बचा है ना। जब एक ही पार्टी है और सारे हाथ पर हाथ रखकर बैठे तो विकल्प ही नहीं है। ऐसा क्यों है दिल्ली के अंदर बीजेपी को पिछली बार 3 और इस बार 8 सीटें मिलीं। जमकर गालियां दीं इन्होंने मुझे। आज भी दिया, मैंने तो जवाब ही नहीं दिया।" क्या कांग्रेस नेशनल प्लेयर बनने पर फोकस करेगी? इसके जवाब में केजरीवाल ने कहा कि वह अभी भी बहुत छोटे आदमी हैं। उन्होंने कहा, "मैं देश का आम आदमी हूं और जो आम आदमी के मुद्दे हैं, वही मेरे मुद्दे हैं। इस देश का आम आदमी क्या चाहता है? वह चाहता है कि मुझे रोजगार मिल जाए कि बच्चों का पेट भर सकूं। आज देश के पास रोजगार नहीं है। केवल हमारी पार्टी रोजगार की बात करती है। हमने बजट में 20 लाख रोजगार देने की घोषणा की है। यह मैं इसलिए बोल रहा हूं क्योंकि आम आदमी का दर्द समझता हूं। आम आदमी को बच्चों के लिए शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य चाहिए, सब मुहैया करा रहे हैं।" राष्ट्रीय स्तर पर विकल्प बनने के सवाल पर केजरीवाल ने कहा कि देश के अंदर लोग बदलाव चाहते हैं। दो राज्यों में एक ईमानदार पार्टी आ चुकी है। मेरे सामने राष्ट्र को खड़ा करने का... राजनीति में आने से पहले हम भी सोचते थे कि आज तक स्कूल-अस्पताल खराब हैं इसका मतलब यह मुश्किल काम है। कांग्रेस बीजेपी सबकी सरकार आ चुकी है। अब हमने आकर देखा कि यार 5 साल में ही हो गया। हो तो सकता है। इन्होंने जानबूझकर खराब किया। पैसे खाए, लूटा देश को। या तो ये सुधर जाएं या पूरा देश बदलेगा। मेरे सामने पूरा देश है। 130 करोड़ लोगों का गठबंधन बनाएंगे, मुझे इन पार्टियों के गठबंधन से मतलब नहीं।"

# मुख्तार अंसारी: एम्बुलेंस प्रकरण में डॉ.अलका राय और डॉ.एसएन राय फिर गिरफ्तार, बाराबंकी पुलिस ने तड़के की कार्रवाई



बाहुबली मुख्तार अंसारी से जुड़े एम्बुलेंस प्रकरण में अस्पताल संचालिका डॉ.अलका राय और डॉ.एसएन राय को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। बाराबंकी पुलिस ने मऊ में आज तड़के यह कार्रवाई की है। दो दिन पहले इस मामले में गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई की गई थी। पंजाब में कोर्ट जाने के लिए मुख्तार अंसारी द्वारा इस्तेमाल की गई एम्बुलेंस के फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रकरण में मऊ की रहने वाली अस्पताल संचालक डॉ.अलका राय और डॉ.एसएन राय पर कल से ही पुलिस ने शिकंजा कस दिया था। डॉ.एस.एन.राय को सोमवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इसके साथ ही डॉ.अलका राय को भी उनके अस्पताल में नजरबंद कर दिया गया था। मऊ पुलिस को बाराबंकी पुलिस का इंतजार था। मंगलवार तड़के बाराबंकी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में मुख्तार अंसारी के खिलाफ एक दिन पहले ही गैंगेस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। श्याम संजीवनी अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर की संचालिका डॉ. अलका राय और उनके भाई के खिलाफ दो अप्रैल 2021 को पहला मुकदमा जालसाजी का लिखा गया था। चार जुलाई 2021 को सभी आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। भाई-बहन इस मामले में पहले भी जेल जा चुके हैं। आठ महीने जेल में रहकर दोनों करीब ढाई महीने पहले ही बाहर आए थे। अब इनके खिलाफ गैंगेस्टर का केस दर्ज है।

## क्या है मामला

बांदा जेल लाए जाने से पहले मुख्तार अंसारी पंजाब की जेल में बंद थे। वहां कोर्ट जाने के लिए वह जिस निजी एम्बुलेंस का इस्तेमाल करते थे, वह डॉ.अलका राय के नाम पर रजिस्टर्ड थी। उसका नंबर यूपी 41 एटी 7171 था। आरोप है कि इसका रजिस्ट्रेशन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कराया गया था। 31 मार्च 2021 को मामला सामने आने के बाद बाराबंकी कोतवाली नगर पुलिस ने मऊ जिले के श्याम संजीवनी अस्पताल की संचालिका डॉ. अलका राय और उनके भाई के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया था।

## बाराबंकी रवाना हुई पुलिस

इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों आरोपियों को लेकर बाराबंकी के लिये रवाना हो गई। इसे लेकर सोमवार से अफरा तफरी माहौल मंगलवार को थम गया। मामले में एसपी घुले सुशील चंद्रभान का कहना है कि पूरी कार्रवाई बाराबंकी पुलिस की ओर से की गई है। जिले की पुलिस ने पूरी कार्रवाई में बाराबंकी पुलिस की सहायता की है।